AE-2026-HIN

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, पटना, बिहार

वार्षिक मूल्यांकन– 2026

प्रश्न–पत्र

कक्षा–III | विषय– हिन्दी

समय– 2 घंटे | पूर्णांक–50

सामान्य निर्देश

- इस प्रश्न–पत्र में कुल 5 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देना अनिवार्य है।
- प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके लिए निर्धारित अंक एवं निर्देश अंकित हैं।

1. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। $5 \times 2 = 10$

[टी0वी0, सुख, अलगाव, पाँच, गंदा]

(i) हमारे जीवन के जल को भी बुरे विचारों की बैलगाड़ियाँ रोज–रोज......... कर देती है।

(ii) सभी लोग मिलकर रहते हैं, रहें नहीं .... में।

(iii) धूल झाड़ जो तुरंत संभलते, वे जीवन में .... पाते हैं।

(iv) राजगीर का क्षेत्र .... पहाड़ियों से घिरा है।

(v) तुम्हें .... देखने से फुरसत मिले, तब न।

2. स्तम्भ 'अ' से स्तम्भ 'ब' का सही–सही मिलान कीजिए। $5 \times 2 = 10$

स्तम्भ 'अ'	स्तम्भ 'ब'
(i) दर्शनीय	(a) पुराने समय
(ii) राजधानी	(b) इतिहास से संबंधित
(iii) प्राचीन काल	(c) जहाँ से राज–काज चलाया जाता है
(iv) प्राकृतिक	(d) देखने योग्य
(v) ऐतिहासिक	(e) प्रकृति द्वारा बना, जिसे आदमी ने नहीं बनाया है

3. दिए गए कथनों में सही के सामने (✓) एवं गलत के सामने (✕) का निशान लगाइए। $5 \times 2 = 10$

(i) जात–पात की बात किए बिना हमें मानव बनना है। ☐

(ii) हमारे एक भाई ठंड न सह सके और मर गए। ☐

(iii) ''जाओ बेटा! अपने बापू से कहो, अब किसी भोले किसान को ठगने की कोशिश करें। ☐

(iv) तीव्र प्रदूषण के चलते नदियों की धारा अवरूद्ध हो रही है। ☐

(v) राष्ट्रीय नेताओं की मदद करके इंदिरा ने अपनी सच्ची लगन और देशभक्ति का प्रमाण दे दिया था। ☐

4. लघु उत्तरीय प्रश्न (अधिकतम 50 शब्दों में उत्तर दीजिए)। 2 × 5=10

(i) तिरंगे झंडे के तीन रंग किन–किन चीजों से जुड़े हुए हैं ?
(ii) कुत्ते का कौन सा गुण आपको सबसे ज्यादा अच्छा लगा ?

5. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (अधिकतम 100 शब्दों में उत्तर दीजिए)। 1×10 = 10

(i) लोग किसी नदी या तालाब के जल को किस–किस तरह से गंदा करते हैं ?

अथवा

आपके आसपास कौन–कौन प्रसिद्ध स्थान हैं, जहाँ लोग घूमने आते हैं ? बताइए।